प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में मिनी स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स का किया लोकार्पण : कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बनी है नई खेल संस्कृति।
2. राष्ट्रीय जांच एजेंसी की लखनऊ स्थित विशेष अदालत ने चंदन गुप्ता हत्याकांड के 28 आरोपियों को सुनाई उम्रकैद की सज़ा : मुख्य आरोपी को सात वर्ष का अतिरिक्त कारावास।
3. प्रयागराज महाकुंभ मेले में दूरसंचार सेवाएं बेहतर करने के लिये लगाये गये तीन सौ 28 नये टावर : रेल कर्मचारियों के जैकेट पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन कर यात्री खरीद सकेंगे टिकट।
4. हैंडबॉल की प्रतिष्ठित अंतराष्टोय चंपियनशिप आईएच एफ ट्रॉफी के मुकाबले आज से लखनऊ में हुए शुरू : पहले मैच में कजाकिस्तान ने बांग्लादेश को दी शिकस्त।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में शहर के पहले मिनी स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया। 2 एकड़ भूमि पर बने इस मिनी स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण श्री योगी की विधायक निधि से 5 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा

कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश के अंदर एक नई खेल संस्कृति बनी है। उन्होंने कहा कि एक फिट युवा ही एक स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र की आधारशिला तैयार कर सकता है। बाइट.....

*एक इंटरनेशनल स्टेडियम को हम गोरखपुर के अंदर अलग से देने जा रहे है। ये खेल कूद की गतिविधियों को इसलिये ग्रामीण क्षेत्र में सहजनवा में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण वर्तमान में चल रहा है। अन्य क्षेत्रों में भी हम लोग इसको बनाने की प्रक्रिया को तेजी के साथ आगे बएा रहे है जिससे हमारा युवा स्वास्थ्य अपने को फिट महसूस कर सके। एक फिट युवा ही स्वस्थ्य युवा के रूप में स्वास्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र की आधारशिला तैया कर सकता है और शारीरिक रूप से स्वस्थ है तो मानसिक रूप से स्वस्थ होकर देश को एक नई दिशा की ओर अग्रसर करने में अपना योगदान दे सकता है।*

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर के ट्रांसपोर्ट नगर में 2 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से बनाए गए नवीन आश्रय गृह का लोकार्पण किया। साथ ही राप्ती नदी में गिरने वाले नालों के प्राकृतिक विधि से जल शोधन की 2 करोड़ 70 लाख रुपये की नगर निगम की परियोजना का भी शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री न प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को प्रेरणा बताते हुए कहा कि स्वच्छ जल की आपूर्ति करने कि लिए शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन और ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन शुरू किया गया है। बाइट.....

*हम सब आभारी है पहले प्रधानमंत्री मोदी जी के जिनकी प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन पूरे देश के अंदर लागू हुआ। हर व्यक्ति को शुद्ध पेय*

*जल की आपूर्ति करनी है इसके लिये भी शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन और ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन प्रारम्भ हुआ। हर घर जल के माध्यम से शुरू पेय जल उपलब्ध कराने के कार्यक्रम प्रारम्भ हुये।*

——————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की लखनऊ स्थित विशेष अदालत ने कासगंज में हुए चंदन गुप्ता हत्याकांड में आज सजा का ऐलान कर दिया है। कोर्ट ने सभी 28 आरोपियों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। वहीं मामले में मुख्य अभियुक्त सलीम को 7 साल की अतिरिक्त सजा सुनाई गई है। अभियोजन पक्ष के वकील मनोज कुमार कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिन दो लोगों को बरी कर दिया गया था उनक खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील की जाएगी। बाइट.....

*सारे अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है और दो लोग जो छोड़े गये है उनके खिलाफ अपील की जा रही है उनको सश्रम कठोर कारावास उनको अलग से 7 साल की सजा और सुनाई गई है। जो दो लोग बरी किये गये है उनमें अभियोजन अपील करेगा।*

——————————

इलाहाबाद हाइकोर्ट ने संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज कर दी है। हालांकि कोर्ट ने फिलहाल बर्क की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने मामले की जांच जारी रखने और सपा सांसद बर्क को पुलिस की जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया

है। संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में ज़िया उर रहमान बर्क के खिलाफ कई धाराओं में एफआईआर दर्ज है। उधर, सम्भल की शाही जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट कल कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में सील बंद लिफाफे में पेश कर दी।

——————————

भारतीय जनता पार्टी में संगठन चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद जिला अध्यक्ष और फिर प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा।

——————————

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अयोध्या में मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रधानों और भाजपा के मंडल अध्यक्षों से फीड बैक लिया। मीडिया से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भाजपा एक मिशन के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गरीबों की खुशहाली के लिए लगातार काम कर रहे हैं। बाइट.....

*भारतीय जनता पार्टी एक मिशन के लिये काम करती है आने वाला समय जिस प्रकार सर्वे चल रहा है, एक व्यक्ति शेष नहीं बचेगा, जिसका*

*पक्का मकान न हो और पूरी दुनिया को हम दिशा दे रहे है। ये आदरणीय मोदी जी का प्रतिफल है। हम राजनीति गरीब की सेवा के लिये करते हैं।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के नगर विकास मंत्री सुरेश खन्ना ने आज वाराणसी में विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। श्री खन्ना ने महाकुंभ के लिए वाराणसी की तैयारियों का संबंध में भी अधिकारियों से रिपोर्ट ली। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र होने के कारण महाकुंभ में आने वाले वाराणसी भी पहुंचेंगे। ऐसे में यहां की मूलभूत सुविधाओं के अलावा पर्यटन से जुड़े पहलुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता ह।

——————————

लखनऊ के रहमान खेड़ा में बाघ को पकड़ने के लिए दुधवा टाइगर रिजर्व से दो हथिनी लखनऊ लायी गई हैं। बाघ को पकड़ने के लिए कई बार इस तरह के अभियानों

में हिस्सा ले चुकी हथनी सुलोचना और डायना अब इस अभियान में वन विभाग की मदद करंगी। दोनों हथिनी बाघ को घेरने में एक्सपर्ट मानी जाती हैं। इनकी मदद से वन विभाग बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ने की योजना पर काम कर रहा है।

——————————

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में पहुंचने की संभावना को देखते हुए संचार नेटवर्क मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रयागराज में रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, हवाई अड्डे सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर दूरसंचार सेवा को बेहतर बनाया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट......

*केंद्रीय संचार मंत्रालय ने घोषणा की है कि महाकुंभ मेले की तैयारी में दूरसंचार विभाग ने निर्बाध संचार सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। मेला क्षेत्र में 53 हेल्प डेस्क और तीन आपदा प्रबंधन केंद्र स्थापित किए गए हैं। ये डेस्क संदिग्ध धोखा धड़ी की रिपोर्ट करने और खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने जैसी सेवाओं में सहायता करेंगे। मजबूत संचार नेटवर्क के लिए प्रयागराज शहर में 126 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है। पूरे क्षेत्र में नेटवर्क कवरेज को बेहतर करने के लिए 328 नए टावर स्थापित किए गए हैं। मेला क्षेत्र में ही हाई–स्पीड, विश्वसनीय नेटवर्क कवरेज प्रदान करने के लिए 192 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है। स्टेशन, बस और हवाई अड्डे, पार्किंग स्थान तथा प्रयागराज केअंदर और बाहर जाने वाले राजमार्गों पर दूरसंचार सेवाओं को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। समाचार कक्ष से आनंद पाठक।*

——————————

उत्तर मध्य रेलवे ने महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए टिकट प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक अनोखी पहल की है। प्रयागराज रेलवे डिवीजन के वरिष्ठ पीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि इस बार महाकुंभ के लिए रेलवे कर्मचारी क्यूआर कोड वाली हरी जैकेट पहनेंगे। कोड को स्कैन करके, यात्री यूटीएस ऐप पर जाकर डिजिटल रूप से अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं।

——————————

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने अयोध्या डिपो को 65 अतिरिक्त बसें उपलब्ध कराईहैं। परिवहन निगम के ए.आर.एम आदित्य प्रकाश ने बताया कि 12 जनवरी से इन बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। बाइट......

*मुख्यालय से निर्देश प्राप्त हुए है, इस बार महाकुंभ की बड़ी ब्रांड लेबल पर तैयारी की गई। 265 बसें चलाने के लिये हमको निर्देश प्राप्त हुए है। जिसको हमारे दो तीन प्वाइंट है। कमरिया घाट, टांडा और हाटा से हम लोगों को बसें चलाने के निर्देश मिले है। उसकी पूरी तौर पर तैयारी हो गई है। सभी स्टाफ की ड्यूटी लगा दी गई है और गाड़ियों की तैयारी पूरी कर ली गई है। रंग रोगन भी गाड़ियों का कर लिया गया है।*

——————————

लखनऊ मे आज से हैंडबॉल की प्रतिष्ठित अंतराष्टोय चंपियनशिप आईएच एफ ट्रॉफी की शुरुआत हो गई है। केडी सिंह बाबू स्टोडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता के में कॉन्टिनेंटल फेज एशिया के तहत आज यूथ कैटेगरी में

बांग्लादेश और कज़ाकिस्तान के बीच मुकाबला हुआ। इस मैच में कज़ाकिस्तान की टीम ने 33 गोल करके जीत दर्ज की। वहीं बांग्लादेश की टीम 29 गोल ही कर सकी। यह चंपियनशिप 7 जनवरी तक चलेगी।

——————————

आज सुबह से ही घने कोहरे के कारण प्रदेश भर में शीत दिवस जैसी स्थिति बनी रही। मौसम विभाग के मुताबिक कल भी घने कोहरे के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर शीत दिवस जारी रहेगा। वहीं 6 जनवरी तक प्रदेश के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है।

(समाप्त)